<u>समाचार</u>

माह मार्च अंत तक प्राप्त करें निःशुल्क मीटरयुक्त नल कनेक्शन

कोरबा 08 फरवरी 2021 —नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा ऐसे उपभोक्ताओं से जिन्होने अभी तक मीटरयुक्त नल कनेक्शन प्राप्त नहीं किए हैं, से अपील करते हुए कहा गया है कि वे माह मार्च 2021 तक मीटरयुक्त नल कनेक्शन निःशुल्क प्राप्त करें तथा इस हेतु बुधवारी बाजार पम्प हाउस कार्यालय में पहुंचकर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करें।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क. 01 से 42 तक के सम्पूर्ण क्षेत्र में पाईप लाईन के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है, निगम द्वारा प्रत्येक आवासगृह में मीटरयुक्त नल कनेक्शन किए जा रहे हैं। उक्त क्षेत्रों में जिन उपभोक्ताओं द्वारा मीटरयुक्त नल कनेक्शन अभी तक नहीं लिए गए हैं, ऐसे उपभोक्ता माह मार्च 2021 तक मीटरयुक्त नल कनेक्शन प्राप्त करने हेतु बुधवारी बाजार के समीप स्थित पम्प हाउस कार्यालय में इसकी सूचना देते हुए औपचारिकताएं पूर्ण करें तथा निःशुल्क मीटरयुक्त नल कनेक्शन प्राप्त करें। निगम द्वारा कहा गया है कि निर्धारित समयावधि के पश्चात नल कनेक्शन की मांग किए जाने पर निर्धारित शुल्क जमा करने के पश्चात ही नल कनेक्शन आबंटित किए जा सकेंगे, अतः उपभोक्तागण शीघ्र निःशुल्क नल कनेक्शन की कार्यवाही पूर्ण कराएं तथा निःशुल्क नल कनेक्शन प्राप्त करें। इसके साथ ही पूर्व में स्थापित सार्वजनिक नल व नलजल योजना के माध्यम से स्थापित पावर पम्पों को बंद करने की कार्यवाही भी निगम द्वारा की जा रही है। मीटरयुक्त नल कनेक्शन प्राप्त करने हेतु उपभोक्तागण निगम के सहायक अभियंता राकेश मसीह, मोबाईल नम्बर 82230—96101, उप अभियंता रमेशकुमार सूर्यवंशी, मोबाईल नम्बर 89629—85823 एवं जगदीश निमजे मोबाईल नम्बर 93705—03073 पर भी संपर्क कर सकते हैं।